समाचार

# निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा 66 करोड़ रू. के विकास कार्यो सहित अन्य कार्यो को दी गई स्वीकृति

## ( महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में निगम कार्यालय साकेत में संपन्न हुई एम.आई.सी.की बैठक )




कोरबा 12 जनवरी 2026 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल की बैठक में आज निगम के 66 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो व अन्य कार्यो सहित प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों को एम.आई.सी.द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई, इन प्रस्तावों में विभिन्न वार्डो में प्रस्तावित लगभग 60 महत्वपूर्ण विकास व निर्माण कार्य सहित निगम के विभिन्न स्थलों पर निर्मित हाल कमरों को किराये पर देने हेतु प्राप्त निविदा दरों की स्वीकृति, पेंशन व आर्थिक सहायता प्रदान करने से जुड़ी शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों की स्वीकृति एवं विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो के प्रस्ताव शामिल हैं।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निगम के विभिन्न वार्डो में प्रस्तावित महत्वपूर्ण विकास व निर्माण कार्यो की स्वीकृति के साथ–साथ विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो व निगम के अन्य कार्यो से संबंधित प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से अपनी मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान अधोसंरचना मद से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में 23 विकास व निर्माण कार्यो के प्रस्ताव, राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत निगम क्षेत्रांतर्गत मुक्तिधाम निर्माण, सौदंर्यीकरण व अन्य विकास कार्यो सहित 10 निर्माण कार्यो के प्रस्ताव, राज्य प्रवर्तित योजना मद अंतर्गत निगम क्षेत्रांतर्गत उद्यानों का निर्माण, उन्नयन, सौदंर्यीकरण व अन्य विकास कार्यो के 17 निर्माण कार्यो के प्रस्ताव, निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्लम बस्तियों में सी.सी. रोड, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईट, जल प्रदाय से जुड़े 10 निर्माण कार्य,

वार्ड क्र. 48 दर्री बाजार में साढ़े 29 करोड़ रूपये की लागत से कामर्शियल काम्पलेक्स व शेड निर्माण सहित विभिन्न विकास व निर्माण कार्य के प्रस्ताव एम.आई.सी. के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान वार्षिक भू–भाटक अधोसंरचना विकासकर एवं पर्यावरण उपकर की राशि निगम द्वारा जमा करने संबंधी प्रस्ताव, इतवारी बाजार सामुदायिक भवन हाल के निविदा आमंत्रण स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव, मेजर ध्यानचंद व्यवसायिक काम्पलेक्स हाल कमरे का आबंटन, निरस्तीकरण व पुनः निविदा आमंत्रण के प्रस्ताव, निगम के विभिन्न स्थलों में निर्मित हाल निविदा की स्वीकृति, निगम क्षेत्र स्थित विद्युत प्लांटों में विद्युत पर निर्यात कर आरोपण, जमीन अधिग्रहण मुआवजा संबंधी प्रस्ताव के साथ–साथ शासन की विभिन्न पेंशन व आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधी योजनाओं के हितग्राहियों की स्वीकृति से जुड़े प्रस्तावों पर भी मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए।

**महापौर ने की निगम के विविध कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा** – बैठक के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के विभिन्न कार्यो व नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो की जोनवार व वार्डवार समीक्षा करते हुए प्रगतिरत निर्माण कार्यो को समयसीमा पर पूरा करने, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने, प्रस्तावित कार्यो की निविदा प्रक्रिया समयसीमा में पूरी करने, जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराने आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम की जलापूर्ति व्यवस्था व शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था, उद्यानों की व्यवस्थाएं, स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ भवन निर्माण अनुमति, संपदा व राजस्व एवं निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा व्यवस्थाओं व कार्यो की बेहतरी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, अजय गोंड़, अजयकुमार चन्द्रा, उर्वशी राठौर, धनकुमारी गर्ग, सरोज शांडिल्य, ममता यादव, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा व बी.पी.त्रिवेदी, लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, मोतीलाल बरेठ, आकाश अग्रवाल, रमेश सूर्यवंशी, विनोद गोंड़, आस्मा डहरिया, अरविंद सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।